सार-समाचार

केंद्रीय मंत्री ने किया पुस्तक का विमोचन

करौली, (निसं)। करौली जिल के सपोटरा उपखंड क्षे त्र के इनायती गॉव निवासी राव' शिवराज पाल सिंह कि पुस्तक मनोरंजक प्रेरणास्पद बाल कहानियो का भारत सरकार के पर्यावरण,वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के हाथों नई दिल्ली स्थित इंदिरा पर्यावरण भवन स्थित उनके कार्यालय में विमोचन हुआ। इस अवसर पर मंत्री भूपेंद्र यादव ने नई पीढ़ी के बाल मनोविज्ञान पर सकारात्मक प्रभाव डालने वाली कहानियों की आवश्यकता पर अपनी राय व्यक्त की। ग्रगोरियन कैलेंडर के अनुसार आंग्ल नव वर्ष के अवसर पर करौली जिले के इनायती गांव के निवासी वरिष्ठ साहित्यकार 'राव' शिवराज पाल सिंह की भारत सरकार के पर्यावरण,वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से नई दिल्ली स्थित उनके कार्यालय में भेंट हुई। मुलाकात में मंत्री ने करौली जिले के जल संसाधनों, वन एवं पर्यावरण पर भी चर्चा कर गहरी रुचि दिखाई। इस अवसर पर रतलाम भाजपा के मंत्री कीर्ति शरण सिंह और मध्यप्रदेश भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य निमिष भी उपस्थित थे उनसे भी मंत्री यादव ने स्थानीय राजनीति और जल विषयक मुद्दों पर चर्चा कि। मंत्री यादव ने राव कि पुस्तक को नई पीढ़ी के बच्चों के लिए बहुत प्रेरणास्पद बताया।

पूर्व पीएम डॉ सिंह को दी श्रद्धांजलि

हिण्डौन सिटी, (निसं)। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन शहर के डैम्प रोड चौराहे पर किया गया । जिसमें शहर के प्रबुद्ध जनों ने अपने वक्तव्य दिए एवं डॉ मनमोहन सिंह की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। इस दौरान कार्यक्रम स्थल से गुजरने वाले लोगों बच्चों महिलाओं में बढ़ चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता हुकमसिंह कश्यप ने बताया कि डॉ मनमोहन सिंह का बचपन का नाम मोहना था, जिनका जन्म वर्तमान के पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के चकवाल जिले के गांव में हुआ था । अपने जीवन के 33 साल सियासत में रहने के बाद भी उन्होंने अपनी जमीन से जुड़ा व्यक्तित्व और सादगी नहीं छोड़ी। उनके चेहरे पर हमेशा सौम्या मुस्कान और गंभीर व्यक्तित्व नजर आता था। डॉक्टर सिंह का निधन राष्ट्र के लिए बहुत बड़ी अपूरणीय क्षति है। डॉ मनमोहन सिंह अक्सर कहा करते थे। भविष्य के पीढियां हमारा मूल्यांकन हमारे पास मौजूद कारों की संख्या या हमारे घरों के आकार के आधार पर नहीं करेगी बल्कि इस आधार पर करेगी कि हमने कितने लोगों को गरीबों से बाहर निकाला है । डॉ मनमोहन सिंह के पास केवल एकमात्र कर मारुति 800 थी, वह सन 1950 में स्कॉलरशिप पर कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में पढ़ने गए । कैंब्रिज यूनिवर्सिटी एवं ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में पढ़ने के बाद संयुक्त राष्ट्र में भी उन्होंने काम किया और 1969 में भारत आए भारत में रिजर्व बैंक के गवर्नर रहे । भारत सरकार में वित्त मंत्री भी रहे, भारतीय मुद्रा पर डॉक्टर मनमोहन सिंह के हस्ताक्षर अपने जरूर देखे होंगे । डॉक्टर मनमोहन सिंह एकमात्र ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिनके हस्ताक्षर भारतीय मुद्रा पर भी हैं डॉक्टर मनमोहन सिंह ने सपनों का पीछा करना सिखाया था और साबित किया कि कामयाबी केवल विशेष अधिकार हासिल लोगों तक ही सीमित नहीं रह सकती है । मात्र 15 साल की उम्र में सन 1947 में पाकिस्तान छोड़ना पड़ा लेकिन डॉक्टर मनमोहन सिंह ने अपने व्यक्तित्व के दम पर खुद को हर पद पर साबित किया और देश के प्रधानमंत्री जैसा बड़े पद पर रहते हुए कई ऐसे काम किया जो की आज सत्ता में बैठे लोगों के लिए करना असंभव है । डॉ मनमोहन सिंह कहते थे की शिक्षा और कड़ी मेहनत के जरिए हमारी जिंदगी और हमारे माता-पिता की जिंदगी को बेहतर बनाया जा सकता है।

आश्रय स्थल का किया निरीक्षण

करौली, (निसं)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने रोडवेज बस स्टेंड के पास संचालित स्थाई आश्रय स्थल का निरीक्षण शुक्रवार को किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिलाओं एवं पुरूषों के लिए बनाये गये अलग-अलग आश्रय स्थल का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान प्रतिदिन साफ-सफाई रखने,आने जाने वाले महिला-पुरूषों की पंजीका में एण्ट्री करने,सर्दी में रजाई एवं गद्दों की समुचित व्यवस्था रखने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके बाद जिला कलेक्टर व समाजसेवी जितेन्द्र सिंह विनेगा के द्वारा जरूरतमदों को कम्बल वितरीत किये। इस दौरान उन्होने जिला चिकित्सालय नए व पुराने के लिए 100-100 कम्बल,भोजनशाला के लिए 100 कम्बल वितरण करने सहित अन्य जगह के लिये भी कंबल वितरण किये गये। जिला कलेक्टर ने इसके पश्चात पुराने नगरपरिषद कार्यालय में संचालित फायर स्टेशन का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने खराब पडे वाहनों,कचरा संठाहण मशीन को ठीक कराके संचालित करने के निर्देश दिये व जो संयंत्र एवं वाहन स्थाई रूप से खराब है उनकी नीलामी करने के निर्देश भी दिये। इस अवसर पर नगर परिषद आयुक्त करणी सिंह, पीएमओं डॉ. रामकेश मीणा,सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीणा, समाजसेवी बबलू शुक्ला सहित आदि उपस्थित रहे।

कुरीतियों का नाटक से किया विरोध

करौली, (निसं)। करौली जिला मुख्यालय पर अठावाल महिला समाज करौली के तत्वाधान में जिला अग्रवाल महिला महा अधिवेशन में नव वर्ष मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें समाज में व्याप्त कुरीतियों का नाटक के माध्यम से विरोध किया। करौली शहर कि होली खिड़कियां बाहर राधेश्याम मैरिज गार्डन में अग्रवाल महिला समाज करौली के तत्वाधान में जिला अग्रवाल महिला महा अधिवेशन व नव वर्ष मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महिला सशक्तिकरण एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना मुख्य उद्देश्य रहा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अग्रवाल महिला मंडल कि प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती आरती गुप्ता,विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महामंत्री रेखा गोयंका,राष्ट्रीय अठाभागवत कथा वाचक कमलेश गर्ग,राष्ट्रीय संगठन मंत्री पुष्पा मंगल, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रहलाद सिंहल, अशोक बजाज,राजेंद्र मिततल,समाज के जिला अध्यक्ष मूलचंद अग्रवाल उपस्थित रहे कार्यक्रम का शुभारंभ महिला मंडल कि जिला अध्यक्ष अंजू सिंहल सहित अतिथियों ने भगवान अग्रसेनजी महाराज के चित्रपट्ट पर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के उद्देश्य से नाटक मंचन किया गया जिसमें प्री वेडिंग शूट समाज के लिए अभिशाप,समाज में बढ़ते तलाक समाज के लिए अभिशाप,मृतक पर सोल उड़ने कि परंपरा को हटाना,मृत्यु भोज पर रिश्तेदारों को दी जाने वाली विदा पर रोक,शादियों में पुरुष कोरियोठाफर बुलाने से हानियां,शादियों में पुरुषों द्वारा मेहंदी लगाने के दुष्परिणाम,उतना ही लो थाली में की व्यर्थ न जाए नाली में,लड़के और लड़कियों के विवाह में देरी करने के दुष्परिणाम,प्लास्टिक और डिस्पोजल में भोजन शरीर के लिए हानिकारक आदि बिंदुओं पर नाटक के माध्यम से महिला समाज ने जन चेतना का आव्हान किया इस दौरान अग्रवाल महिला मंडल कि कोषाध्यक्ष , रेणुका, उर्मिला, राजकुमारी, अंजू सिंहल, बीनू गुप्ता, पूजा सिंहल, सुनीता अग्रवाल, आशा बजाज के अलावा कार्यक्रम आयोजन में करौली इकाई अध्यक्ष बृजलाल गुप्ता, दीनदयाल गुप्ता पत्थर वालो का वि'ेष सहयोग रहा।

मुफ्त बिजली योजना हेतु समिति गठित

करौली, (निसं)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया है कि भारत सरकार ने 29 फरवरी 2024 को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजुरी दी जिसका उद्देश्य एक करोड घरों में छत पर सौर उर्जा संयंत्र स्थापित करना है। जिला स्तर पर योजना के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए जिला कलक्टर की अध्यक्षता में और अन्य सदस्यां वाली एक जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। इस समिति द्वारा जिला मुख्यालय पर त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा इस योजना का क्रियान्वयन 2026-27 तक किया जाना है इसलिए इस समिति का कार्यकाल मार्च 2027 तक होगा। समिति में जिला कलेक्टर अध्यक्ष, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, उपजिला प्रमुख करौली,प्रधान नादौती,सरपंच सूरौठ,सरपंच नारौली सदस्य व अधीक्षण अभियंता (पवस) जेपीडी करौली संयोजक होंगे।

'महिलाएं एक मंच पर आएंगी तो संगठन को मजबूती मिलेगी'

गंगापुर सिटी, (निसं)। शनिवार को अग्रवाल महिला मण्डल के तत्वाधान में अग्रवाल धर्मशाला में नव वर्ष मिलन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाराजा अग्रसेन के चित्रपट के समक्ष दीपक प्रज्जवलित कर किया गया। बैठक में 12 जनवरी रविवार को अग्रवाल शिक्षण संस्थान कन्या महाविद्यालय जयपुर रोड गंगापुरसिटी में होने वाले विशाल पतंग महोत्सव की चर्चा की गई। बैठक में जिला अग्रवाल महिला संगठन तहसील महिला मंडल और अग्रवाल महिला सेवा समिति की सभी महिला शक्ति शामिल हुई।

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रेखा गर्ग ने की। इस बैठक में महिला सेवा समिति अध्यक्ष पदमा अग्रवाल, तहसील महिला मंडल अध्यक्ष रीना मित्तल, मिर्जापुर महिला मंडल अध्यक्ष रजनी सिंघल, और उदई मोड महिला समिति पूर्व अध्यक्ष संजना मित्तल ने कहा कि यह आयोजन बहुत ही शानदार रहेगा और गंगापुर की समस्त महिलाएं एक मंच पर आएंगे तो एक संगठन की मजबूती भी देखने को मिलेगी। इस आयोजन को लेकर सभी महिलाओं में बहुत ही उत्साह है। महिला सेवा समिति महामंत्री रीना खन्ना ने बताया कि सभी महिला संगठनों की विशेष मांग पर पतंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है और इस पतंग महोत्सव में कुछ सांस्कृतिक प्रोग्राम भी रखे जाएंगे। इस दौरान पतंग महोत्सव के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम की सफलता के लिए संयोजको की नियुक्ति की गई। कार्यक्रम समापन पर पुष्पा आर्य की ओर से पोषबडे का कार्यक्रम भी रखा गया। इस मौके पर सरला गोयल पुष्प गर्ग गीता देवी माया जिन्दल रेखा आर्य अनामिका अंजू मलधानी सीमा सिंघल मंजू गर्ग उदेई मोड महिला मंडल महामंत्री रेखा गुप्ता, अंजू गुप्तअंजू जिंदल सुनीता सिंगल जया शशि सीता मितलेश अतेवा नीतू हेमलता कृष्णा विमल सुमन ममता मंगलम पुष्प अनितापंसरी सरिता बजाज इत्यादि महिला उपस्थित थी।

- अग्रवाल महिला मण्डल का नव वर्ष मिलन समारोह संपन्न
- 12 जनवरी को आयोजित होगा पतंग महोत्सव कार्यक्रम

पतंग महोत्सव पोस्टर का विमोचन करती महिला मण्डल की सदस्य।

डिस्ट्रिक्ट मीट कार्यशाला आयोजित

कार्यशाला में 24 विद्यालयों के प्रतिनिधियों को मंजिल परियोजना के उददेश्य की जानकारी दी।

भरतपुर, (निसं)। शनिवार को समठा शिक्षा भरतपुर एवं मंज़िल प्रोजेक्ट के सयुक्त तत्वाधान में एडीपीसी समसा अनीत कुमार शर्मा की अध्यक्षता एवं सहायक परियोजना समन्वयक अशोक कुमार गुप्ता की उपस्तिथिति में जिले के 24 व्यावसायिक शिक्षा संचालित विद्यालयों के संस्था प्रधान हेतु एक दिवसीय मंज़िल डिस्ट्रिक्ट मीट कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिसमें विद्यालय से पधारे समस्त संस्था प्रधानो के साथ विस्तार पूर्वक मंज़िल प्रोजेक्ट द्वारा किये गये कार्यो व आगामी कार्ययोजना, व्यावसायिक शिक्षा के बजट एवं व्यावसायिक शिक्षा के क्रियान्वयन के सन्दर्भ में विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी।

अतिरिक्त परियोजना समन्वयक ने बताया की मंजिल योजना का कार्य सराहनीय है एवं इसके द्वारा बालिकाओ को व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से केरियर बनाने में सफलता मिल रही है। सहायक परियोजना समन्वयक अशोक कुमार गुप्ता ने बताया की वर्तमान में जिले के कुल 50 विद्यालयो में व्यवसायिक शिक्षा योजना विभाग द्वारा चलायी जा रही है तथा विभिन्न ट्रेड के छात्र छात्राओ द्वारा व्यावसायिक शिक्षा में कक्षा 9 से 12 तक का प्रशिक्षण कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। मंज़िल परियोजना का क्रियान्वयन आईपीई ग्लोबल व स्माइल फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य कौशल प्रशिक्षण एवं जीवन कौशल के माध्यम से किशोरी बालिकाओं का शाश्क्तिकरण करना है यह एक पांच साल की परियोजना है। कार्यक्रम में मंज़िल परियोजना से मान सिंह शेखावत, रत्ननाभ पाठक, मानसी भट्ट जितेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

भरतपुर, (निसं)। समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर सुझाव दिया है कि सांसद व विधायक निधि से कराये गये कार्यों की प्रतिवर्ष एक पुस्तिका प्रकाशित की जाये ताकि क्षेत्र के निवासियों को भी इन कार्यों की जानकारी प्राप्त हो सके। गुप्ता ने पत्र में सुझाव दिया है कि सांसद व विधायकों को प्रतिवर्ष 5-5 करोड़ रूपये की राशि स्थानीय क्षेत्र विकास के कार्यों के लिए आंवटित होती है। भरतपुर व डीग जिलों में सात विधापक व एक सांसद को आंवटित राशि को मिला कर एक वर्ष की राशि 40 करोड़ होती है और 5 वर्ष की यह राशि 200 करोड़ होती है। इस राशि का आवंटन संबंधित सांसद व विधायकों की अभिशंषा पर जिला परिषद द्वारा जारी की जाती है। अधिकांश राशि ईट खरंजा निर्माण के लिए ठाम पंचायतों को स्वीकृत की जाती है, जिसकी गुणवत्ता बहुत घटिया होती है। इन कार्यों के निरीक्षण करने वाली संस्था पंचायत समिति के अभियन्ता बंदरबाट कर कार्यों का उपयोगिता प्रमाण पत्र जारी कर देते हैं। जिससे विकास की इस राशि का सही सदुपयोग नहीं होता। समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने पत्र में यह भी सुझाव दिया है।

शिविर का किया निरीक्षण

करौली, (निसं)। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन सीएचसी कुडगांव और सीएचसी शेरपुर में किया गया।जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना द्वारा सीएचसी कुडगांव में शिविर का निरीक्षण किया गया। जिसमें उन्होंने शिविर में प्रदान सेवाओं का जायजा और अधिक से अधिक आमजन को लाभान्वित करने के निर्देश प्रदान किये।

'गरीब व असहायों की मदद से मिलती है आत्म शांति'

भरतपुर, (निसं)। माइकल जोम्स कला केन्द्र संगीहत नाट्यय संस्था द्वारा संचालित जिला उपभोक्ता संगठन की ओर से मौहल्ला गोपालगढ स्थित संस्थान परिसर में कम्बल वितरण और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्पित अग्रवाल प्रवर्तन अधिकारी रसद विभाग ने कहा कि गरीब व असहायों की मदद करने से व्यक्ति को आत्म शांति मिलती है। माइकल जोम्स कला केन्द्र विगत कई वर्षों से गरीब, असहायों की मदद निरंतर कर रहा है ये गर्व की बात है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बार एसोसियेशन के अध्यक्ष रूपेन्द्र सिंह ने कहा कि माइकल जोम्स कला केन्द्र खेल, कला के साथ साथ उपभोक्ताओं की सेवा करके ग्राहकों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रही है यह त्रिवेणी संगम के समान है।

राम कथा में शिव पार्वती विवाह का बखान कर सजाई झांकियां

गंगापुर सिटी, (निसं)। श्री राम कथा सेवा समिति के तत्वाधान में किरण पैलेस में चल रही संगीतमय राम कथा के दूसरे दिन शनिवार को कथा में परम पूज्य आराधना देवी के मुखारविंद से शिव और सती का चरित्र वर्णन किया गया। साध्वी द्वारा श्री राम कथा का वर्णन करते हुए कहा कि महादेव मैया सती को कथा का श्रवण करा रहे थे लेकिन सती माता का राम कथा में मन नहीं लग रहा था। हजारों वर्षों के बाद महादेव से मिलन पर सती सोच रही थी की शिव जी महाराज ने मेरा हाल नहीं जाना और कथा सुनाने बैठ गए।

साध्वी ने कहा कि श्री राम की कथा जो कोई मन से सुनता है उसके दुखों का नाश होता है। माता जानकी ने अशोक वाटिका में हनुमान जी से राम कथा का श्रवण किया तो सीता माता का दुखों का नाश हुआ। माता सती का मन विचलित था वह आकाश में विमान को जाते हुए देख रही थी तब महादेव से उन्होंने प्रश्न किया कि महाराज यह विमान कहां जा रहे हैं तब महादेव ने कहा कि यह विमान आपके पीहर राजा दक्ष के यहां जा रहे हैं। माता ने कहा क्यों महादेव ने कहा कि आपके पिता यज्ञ करा रहे हैं। इस पर माता ने कहा कि आप और हम भी चलते हैं। शिव भगवान ने कहा कि हमें निमंत्रण नहीं आया है लेकिन माता नहीं मानी और मायके जाने की जिद करने लगी। तब महादेव ने नंदी के साथ सती को भेज दिया। सती माता जब यज्ञ स्थल पर पहुंची तब वहां पर उनका किसी ने भी स्वागत नहीं किया। जब सती मैया ने देखा कि यज्ञ में सभी देवताओं को स्थान दिया गया है लेकिन महादेव को स्थान नहीं दिया। इसे घोर अपमान मानकर सती ने अपने शरीर का त्याग कर दिया सभा में मौजूद भगवान नारायण से वरदान मांगा कि मुझे हर जन्म में महादेव पति के रूप में प्राप्त हो श्री हरि नारायण के वरदान के स्वरूप सती का जन्म हिमालय की गोद में हुआ। नारद जी ने उनका नाम पार्वती रखा। पार्वती मैया ने कठोर तप करके महादेव को प्रसन्न किया। सभी देवताओं ने महादेव की स्तुति कर महादेव का पार्वती से विवाह करने का अनुरोध किया। पूज्य आराधना देवी द्वारा संगीतमय कथा के वर्णन में खचाखच भरे पंडाल में श्रद्धालु बडे ध्यान से कथा का श्रवण कर रहे और झूम रहे थे। शिव पार्वती की सजीव झांकियां ने दर्शकों का मन मोह लिया। साध्वी ने कहा कि कथा का श्रवण मन को एकाग्रचित्त करके करना चाहिए। इधर-उधर ध्यान नहीं भटकना चाहिए मन से कथा सुनने से सभी दुखों का नाश हो जाता है। वहीं माता सती की कथा हमें यह बताती है कि बगैर निमंत्रण के कहीं भी जाना नहीं चाहिए, वरना अपमान सहन करना पडता है। साध्वी द्वारा शिव पार्वती विवाह का वर्णन करते हुए कहा की ब्रह्मा जी द्वारा विनती करने के बाद विवाह का मुहूर्त तुरंत निकला और गणों और भूतों द्वारा महादेव जी को दूल्हा बनाने का श्रृंगार में महादेव की जटाओं का मुकुट बनाकर मणि धारी सांपों को लगाकर भस्म लपेटकर तैयार किया। सभी देवताओं के साथ बारात रवाना हुई। नंदी पर बैठकर महादेव अपने गणों के साथ चल रहे थे। इस अलौकिक बारात को देखकर नगर वासी अचंभित होकर रोमांचित हुए। कथा आयोजन से जुडे सुरेश चंद कोचिंग, गोविंद टोकसी ने बताया कि रविवार को श्री राम कथा में मनु शतरूपा प्रसंग राजा प्रताप भानु प्रसंग रावण कुंभकरण जन्म श्री राम जन्म महोत्सव का वर्णन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन कथा 12.30 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगी।

- 'मन से कथा श्रवण से दुखों का होगा नाश'

राम कथा श्रवण के लिए उमड़ा जनसैलाब।

सार-समाचार

लॉटरी से हुआ 20 कामगारों का चयन

जयपुर, (कासं)। श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने उद्योग भवन में लॉटरी के माध्यम से करौली जिले के 20 मिट्टी कामगारों का चयन किया। टाक ने बताया कि राजस्थान सरकार के बजट घोषणा वर्ष 2024-2025 में 1000 विद्युत चालित चाक व पगमिल (मिट्टी गूंथने की मशीन) मिट्टी के कामगारों को देने के लिए की गई थी। इसी की क्रियान्विति में श्रीयादे माटी कला बोर्ड ने जागरूकता शिविरों का आयोजन कर ऑनलाइन आवेदन भरवाए। सभागार में करौली जिले की लॉटरी निकाली गई। करौली जिले से प्राप्त 150 आवेदन में से 4 दिव्यांगजन व 1 विधवा महिला कामगार का चयन वरीयता क्रम में किया गया। 15 कामगारों का चयन लॉटरी से किया गया। कुल 20 चयनित कामगारों को करौली जिले में 10 दिवस का प्रशिक्षण दिया जाएगा। अध्यक्ष ने बताया कि राजस्थान के सभी जिलों से लगभग 13 हजार आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से चयनित 1000 कामगारों को विधुत चालित चाक व मिट्टी गूंथने की मशीनों का वितरण किया जाना है। प्रथम चरण में 25 जिलों का चयन किया गया है, उनमें से करौली जिला प्रथमता चयनित कर लॉटरी निकाली गई है। अन्य जिलों के आवेदनों की जांच प्रक्रियाधीन है। इसके बाद अन्य जिलों की लॉटरी निकाली जाएगी। चयनित कामगारों को जिला मुख्यालय पर 20 के समूह में 10 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जावेगा। 10वें दिन प्रशिक्षण प्राप्त कामगारों को विधुत चालित चाक व पगमिल (मिट्टी गुथने की मशीन) दी जाएगी।

डिवाइन एवेंजर्स बनी विजेता

गंगापुर सिटी, (निसं)। अग्रवाल समाज की युवा अग्रवाल सेवा समिति उदेई मोड की ओर से यहां राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल के खेल मैदान में आयोजित की जा रही पार्थ अग्र प्रीमियर लीग-7 के तहत फाइनल मुकाबला शुक्रवार को कॉसमॉस नाइट राइडर्स और डिवाइन एवेंजर्स के बीच खेला गया। फाइनल मुकाबला में टॉस पवन बंसल एडवोकेट ने किया और इस दौरान डिवाइन एवेंजर्स की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम के बल्लेबाजों ने निर्धारित 15 ओवर में 1०9 रनों का स्कोर खडा किया। इसमें टीम के ललित गुप्ता ने शानदार 32 रनों का सहयोग दिया। इसके बाद खेलने उतरी टीम कॉसमॉस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और एक-एक कर खिलाडी आउट होते गए। टीम के सभी खिलाडी मात्र 94 रन बनाकर आउट हो गए। इस तरह डिवाइन एवेंजर्स की टीम ने मैच जीत लिया। मैच में कैच ऑफ द मैच सुमित अग्रवाल, सिक्स ऑफ द मैच अवनीश सिंघल रहे जबकि मैच में अंपायर की भूमिका बबलू चौधरी और नरेन्द्र पंडा ने निभाई। इसके बाद शाम को प्रतियोगिता का समापन समारोह हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि समाज के प्रदेश पदाधिकारी सुरेशचंद गुप्ता गुट्टा रहे। उन्होंने प्रतियोगित आयोजित करने की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए, इससे समाज के युवाओं को खेलों में आगे बढने का अवसर मिलता, साथ ही खिलाडियों को भी निराश होने के बजाय कठिन परिश्रम कर खेलों में रोजगार के अवसर तलाशने चाहिए, खेलों में भविष्य सुनहरा है। उन्होंने विजेता टीम डिवइन एवेंजर्स को 11 हजार और उप विजेता टीम कॉसमॉस को 51 सौ रुपए नकद पुरस्कार, ट्रॉफी व मेडल देकर पुरस्कृत किया। इस दौरान पार्षद व कार्यक्रम संयोजक गौरव मंगल ने अगले मैच में ऑक्शन के द्वारा खिलाडी लिए जाएंगे और अग्रसेन क्लब बनाने की घोषणा की। क्बल के जरिए सभी खेलों को प्रोत्साहन देकर समाज के युवाओं को आगे बढाया जाएगा। इस मौके पर अतिथि ओमप्रकाश गुप्ता, राजकुमार महस्वा, आलोक मालधानी, गोविंद कॉसमॉस कोचिंग, यमन मंगल पेट्रोलियम, जितेंद्र अग्रवाल, दीपक सिंघल, लोकेश जिंदल, अशोक पंप, राजेश महोली, राजकुमार गोयनका आदि मौजूद थे।

बाल विवाह मुक्त बनाने का लिया संकल्प

करौली, (निसं)। ग्रामराज्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान के द्वारा करौली जिले में संचालित बच्चों की न्याय तक पहुँच कार्यक्रम के अंतर्गत बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत करौली ब्लॉक के 51 गांव कि शिक्षिकाओं के साथ बाल श्रम,बाल विवाह एवं बाल यौन शोषण को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजन गर्ग पैलेस करौली में किया गया।कार्यशाला में चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिसर बीना मीणा ने बाल विवाह रोकथाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी उन्होंने बताया की बाल विवाह एक सामाजिक बुराई जो समाज को कतंकित कर रही है जिसके खात्मे के लिया राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन जोश एवं संकल्प के साथ कार्य कर रहे है हम सब मिलकर इस बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को पूरी तरह खत्म कर देंगेस इसको खत्म करने आप की अहम् भूमिका है विजयसिंह माली रेड एंड रेस्क्यू ऑफिसर तथा काउंसलर कम विक्टिम अस्सिटेंट द्वारा शिक्षिकाओं के साथ संवाद किया हम गांव में किस प्रकार से इस सामाजिक बुराई के खिलाफ लड़ाई लड़ सकते हैं स समुदाय को जागरूकता के लिए हम योजना का कियान्वयन किस प्रकार से कर सकते हैं संस्था के सचिव छैल बिहारी द्वारा वीडियो कॉल के माध्यम से सभी टीचर्स को प्रेरित किया कि हम अपने गांव से बाल विवाह जैसी बुराई को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेकर जाये तथा समुदाय को जागरूक और सशक्त बनाया जा सके द्यअंत में सभी के द्वारा बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलबाई गई।

ठाकुर जी की निकाली शोभायात्रा

करौली, (निसं)। नव वर्ष के उपलक्ष में सिवनी के लड्डू गोपाल जी का करौली में पदार्पण के उपलक्ष में अनेक धार्मिक कार्यक्रम हुए जिसमें ठाकुरजी कि भव्य शोभायात्रा निकाली गई इसके बाद रात्रि को भजन संध्या का आयोजन हुआ। भजन कार्यक्रम मे श्रीजी म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने ठाकुरजी के श्रीचरणों मे अपनी हाजरी रखी भजन गायक अंकेश पाराशर ने भगवान गणेश जी की वंदना के साथ भजन संध्या की शुरुआत की उसके बाद बात मेरी झोपडी के भाग आज खुल जाएंगे,तेरा किसने किया श्रृंगार सांवरे, कजरारे मोटे मोटे नैन, मेरा छोटा सा लड्डू गोपाल, सखी बड़ा प्यारा है आदि भजनों कि प्रस्तुती दी इस दौरान सभी भक्त श्रोतागण झूम कर नाचने लगे इसके बाद हरियाणा से आई सोनिया तिवारी ने वृंदावन जाउंगी सखी, काली कमली वाला मेरा यार है, नैनन मेंश्याम समायगो, मिश्री से मीठा नाम हमारी राधा रानी का आदि भजनों कि प्रस्तुति दी भजन संध्या का विश्राम ठाकुरजी की आरती के साथ हुआ कार्यक्रम में पधारे सभी भक्तों का और कलाकारों का ओम प्रकाश जिंदल भोजन शाला वाले एवं अंकित बिंदल ने स्वागत सम्मान किया।भरतपुर के भुसावर कस्बा में इटामडा सड़क मार्ग पर शुक्रवार की देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

बाइक सवार युवक की मौत

भरतपुर, (निसं)। भुसावर कस्बा में इटामडा सड़क मार्ग पर शुक्रवार की देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे चिकित्सकों ने परीक्षण के वाद मृत घोषित कर दिया। भुसावर थाना पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 जनवरी को देर शाम करीब 7.30 बजे कस्बा भुसावर के इटामडा रोड स्थित एसडीएम कार्यालय से आगे एक युवक के सड़क पर घायल अवस्था में पड़े होने की जानकारी प्राप्त हुई।

आम सभा आज

गंगापुर सिटी, (निस)। अग्रवाल शिक्षण संस्थान की आम सभा आज रविवार दोपहर 1 बजे अग्रवाल कन्या महाविद्यालय परिसर में होगी। इस दौरान संस्थान महामंत्री गिर्राज प्रसाद गुप्ता अकाउंटेंट ने बताया कि आम सभा में वर्ष 2023-24 के वार्षिक प्रतिवेदन का अनुमोदन किया जावेगा।

पश्चिम मध्य रेल

शुद्धि पत्र

निविदा सं. ईएल/50/228 आर (2024 – 25), पुराना निविदा बन्द होने की तिथिः 02.01.2025, संशोधित निविदा बन्द होने की तिथिः 10.01.2025, निविदा की अन्य मदें जैसे कार्य का विवरण, अनुमानित लागत, कार्य अनुरक्षण अवधि तथा कार्य समाप्ति अवधि इत्यादि में कोई परिवर्तन नहीं है।

वरि. मं. वि. अभियंता(सा.), पमरे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय ग्राम पंचायत बसईनबाब, पंचायत समिति सैपऊ(धौलपुर)

क्रमांक/ग्रा.प./ई.नि.नि.सा./2024/542 दिनांक: 03.01.2025

ई-निविदा सूचना 06/2024-2025

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में महानरेगा एवम् ग्रामीण विकास एवम् पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 45.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा दिनॉक 13.01.2024 को समय 10:00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No. ZDH2425GLRC00611 है। विस्तृत विवरण https://.sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

सरपंच, ग्राम पंचायत बसईनबाब, पंचायत समिति सैपऊ, धौलपुर

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत बसईनबाब, पंचायत समिति सैपऊ, धौलपुर